10 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 1/10/2024 10:00 PM Page 1

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 11 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 टोकन लिमिट ने किसानों की बढ़ाई परेशानी



## खबर संक्षेप

### अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध की गई बर्खास्तगी कार्रवाई

**सूरजपुर।** शिक्षा विभाग के विभागीय बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास ने विभाग में लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों का ब्यौरा मांगा और बिना किसी ठोस कारण अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार ठोस कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे। जिसके परिपालन में लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित कर बर्खास्तगी की कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों का प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया गया। जिससे लंबे समय से अनुपस्थित गीता प्रसाद राजवाड़े, धनंजय राम, समयलाल यादव, राकेश सिंह,कुमारी सुमिता कुजूर, मोहन सिंह, देव शरण राजवाड़े, मनोज कुमार सिंह, श्रीमती श्वेता मेश्राम के विरुद्ध में बर्खास्तगी की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### अविश्वास प्रस्ताव पारित हटाए गए जनपद अध्यक्ष

**सूरजपुर।** जनपद अध्यक्ष जगलाल सिंह देहाती के विरुद्ध आज अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया। जनपद सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया था। ऐसे में आज पीठासीन अधिकारी वर्षा बंसल द्वारा जनपद सभाकक्ष में जनपद सदस्यों का वोटिंग कराया गया। वोटिंग में 25 सदस्यों में से 23 सदस्य उपस्थित थे जो वोटिंग किया। जिसमे 2 वोट रिजेक्ट हुए वही 21 वोट अविश्वास के पड़े। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव पारित कर जगलाल सिंह देहाती को अध्यक्ष पद से हटा दिया गया।

रिंग रोड पर ट्रक से जा भिड़ी तेज रफ्तार बस, यात्रियों को आई मामूली चोट

# सुबह-सुबह दो बस हादसे- तीर्थयात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी





रिंग रोड पर ट्रक से जा भिड़ी दुर्घटनाग्रस्त बस, तीर्थ यात्री को लेकर जा रही बस पलटी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/वाड्रफनगर

बुधवार की सुबह दो अलग अलग बस दुर्घटनाओं से हड़कंप मच गया। बलरामपुर जिले के खरहरा नदी के समीप तीर्थयात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। सड़क पर कोहरा अधिक होने के कारण सामने से आ रहे पिकअप को बचाने में चक्कर में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और बस सड़क से उतरकर पलट गई। इस हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि यात्रियों को ज्यादा चोट नहीं आई है। फिलहाल यात्रियों को सामुदायिक भवन में रुकने की जगह दी गई है और दूसरी बस के आने का इंतजार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सुबह सुबह रिंग रोड पर स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में ट्रक से बस की भिड़ंत हो गई। इस घटना में भी यात्रियों को मामूली चोटें आई है। बताया जा रहा है कि प्रदेश के दुर्ग व बालोद जिले से चालक व क्लीनर समेत 52 लोग 15 दिनों की तीर्थ यात्रा के नाम पर निकले थे। तीर्थ यात्री टूरिस्ट मंगलम बस क्रमांक सीजी 07 बीडब्ल्यू 2738 से 8 जनवरी को निकले थे और छत्तीसगढ़ के विभिन्न धार्मिक स्थलों से होते हुए बाबा धाम, वृन्दावन, अयोध्या जा रहे थे। इसी बीच बुधवार की सुबह लगभग 7.30 बजे बनारस रोड पर खरहरा नदी के समीप तेज रफ्तार बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि आज सुबह सड़क पर कोहरा अधिक था और कोहरे के कारण सामने से आ रहा पिकअप चालक को नहीं नहीं आया और जब चालक ने पिकअप से बचने के लिए तेज गति से स्टेयरिंग घुमाई तो बस अनियंत्रित ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बात**

- दुर्ग, बालोद से श्रद्धालु जा रहे थे दर्शन के लिए, खरहरा नदी के समीप कोहरे के कारण हुई घटना

### जारी रखेंगे यात्रा, दूसरी बस का इंतजार

आज तीर्थ यात्रियों से भरी बस के दुर्घटना ग्रस्त होने के बाद लोगों को स्थानीय बस मालिक के सहयोग से नगर पंचायत के सामुदायिक भवन पहुंचाया गया। यात्रियों का कहना है कि वे तीर्थ के लिए निकले है और अब तीर्थ के बाद ही वापस लौटेंगे। ऐसे में उनके रुकने की व्यवस्था सामुदायिक भवन में की गई है जबकि उनके पास भोजन व सोने के लिए बिस्तर की व्यवस्था पहले से मौजूद है। तीर्थ यात्री दूसरी बस का इंतजार कर रहे है और दूसरी बस आने के बाद वे आगे की यात्रा जारी रखने की बात कह रहे है।

### स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में हुई घटना

बुधवार की सुबह शहर के रिंग रोड पर भी एक यात्री बस दुर्घटना का शिकार हो गई। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। सूरज बस अंबिकापुर से झारखण्ड के गढ़वा जाने के लिए निकली थी निकली थी। बताया जा रहा है कि रिंग रोड पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप बस पीछे से जाकर ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में बस सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। वहीं चालक का कहना है कि रिंग रोड पर अचानक एक स्कूटी सवार को बचाने के लिए ट्रक चालक ने ब्रेक मारा और तेज रफ्तार बस पीछे से जाकर ट्रक से टकरा गई। टक्कर में बस के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे में यात्रियों को मामूली चोटें आई है। घटना के बाद यात्रियों को बस से सुरक्षित उतारा गया। इसके बाद दूसरे वाहन से यात्रियों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। फिलहाल इस मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की गई है।

# राइस मिल से डेढ़ सौ क्विंटल चावल गायब, छापामार कार्रवाई में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



राइस मिल में कार्रवाई करते अधिकारी जब्त धान लोड पिकअप।

समितियों से उठाए गए धान की राइस मिल के माध्यम से अफरा तफरी करने का मामला सामने आया है। बीती रात पुलिस, प्रशासन व मंडी की टीम द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई कर राइस मिल को सील करने के साथ ही मिल के सामने से एक अवैध धान लोड पिकअप को जब्त किया है। वहीं आज प्रशासनिक टीम ने राइस मिल के स्टॉक व पंजियों का भौतिक सत्यापन किया है। भौतिक सत्यापन के दौरान मिल में बड़ी पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है और मिल से डेढ़ सौ क्विंटल चावल कम पाया गया है। ऐसे में तहसीलदार द्वारा खाद्य विभाग व मंडी की ओर से मिलर को नोटिस जारी करने के साथ ही उसका डीओ रुकवाने के निर्देश दिए है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम मणिपुर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि एक पिकअप के माध्यम से अवैध धान खपाने के लिए राइस मिल ले जाया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद मणिपुर पुलिस ने जब उक्त पिकअप का पीछा किया तो वह भिट्ठिकला स्थित मां शीतला राइस मिल में पहुंची थी लेकिन पीछे से पुलिस को आता देख चालक पिकअप को छोड़कर फरार हो गया। इस बात की जानकारी लोगों ने कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान को दी। सूचना के बाद खाद्य विभाग व कृषि उपज मंडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक राइस मिल संचालक व कर्मचारी मिल में ताला लगाकर फरार हो गए थे। ऐसे में सूचना मिलने के बाद सीएसपी स्मृतिक राजनाला व मणिपुर थाना प्रभारी ने राइस मिल के मुंशी को घेरकर पकड़ा और उसे फटकार लगाकर मिल का ताला खुलवाया। मौके पर मौजूद खाद्य विभाग के अधिकारी राइस मिल संचालक को बुलाने का प्रयास करते रहे लेकिन वह नहीं पहुंचा। इधर कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार उमेश बाज भी मौके पर पहुंचे लेकिन अंधेरा होने के कारण स्टॉक का मिलान होना संभव नहीं था ऐसे में मिल को सील कर दिया गया। वहीं प्रशासनिक टीम ने मौके से 60 बोरियों में 24 क्विंटल धान के साथ पिकअप क्रमांक यूपी 64 एटी 9094 को जब्त कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। बड़ा सवाल यह भी है कि उक्त धान किसके कहने पर और कहां से लाया गया था। फिलहाल प्रशासनिक टीम द्वारा जब्त किए गए धान व कस्टम मिलिंग में की गई गड़बड़ी की जांच की जा रही है।

- अवैध रूप से धान खपाने का मामला, पिकअप का पीछा करते हुए टीम पहुंची थी मिल तक

### मिली बड़े पैमाने पर गड़बड़ी

आज पुनः सील किए गए राइस मिल को तहसीलदार उमेश बाज की मौजूदगी में खाद्य व मंडी की टीम द्वारा खोला गया। इस दौरान राइस मिल के स्टॉक पंजी व डीओ के आधार पर समितियों से गए धान उठाव का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान मिल में मिलिंग के बाद लगभग डेढ़ सौ क्विंटल चावल कम होने की बात कही जा रही है। इसके साथ ही मिल में अनेकों गड़बड़ियां मिली है। तहसीलदार श्री बाज ने बताया कि फिलहाल मिलर को जारी किए गए डीओ को रुकवाने के निर्देश दिए गए है। वर्तमान में मिलर ने जितना धान उठाया है उसके आधार पर कस्टम मिलिंग उपरान्त चावल जमा कराया जाएगा इसके साथ ही खाद्य व मंडी की ओर से मिलर को नोटिस दिया जाएगा। नोटिस के आधार पर भविष्य में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर जनदर्शन अब प्रत्येक मंगलवार को

**एमसीबी।** कलेक्टर डी राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जाना है। समय-सीमा की बैठक यथावत दिन बुधवार को आयोजित किया जाएगा। अवकाश अथवा अन्य अपरिहार्य कारणों से जनदर्शन कार्यक्रम में किए जाने वाले समय परिवर्तन की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में बैकुंठपुर का बेहतर प्र्दशन

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले खासकर बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद के लिए 11 जनवरी एक यादगार तिथि साबित हो सकती है। नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष वारे ने जानकारी दी है कि नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के नतीजे घोषित होने के साथ ही देश की महामहिम राष्टपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामय उपस्थिति में उक्त सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को राष्टीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विदित हो कि स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पालिका बैकुंठपुर ने बेहतर प्रदर्शन किया है, इसके लिए उक्त समारोह में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष वारे दिल्ली रवाना हुए हैं। उक्त सर्वेक्षण में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर को ओडीएफ प्लस-प्लस होने के साथ ही जीएफसी में एक स्टार रेटिंग हासिल करने में कामयाब हुए हैं।

### सीए की परीक्षा उत्तीर्ण किए अनिल

**मनेन्द्रगढ़।** सीए परीक्षा के परिणाम में मनेन्द्रगढ़ नगर के स्टूडेंट्स को सफलता मिलने पर खुशी का माहौल है। अनमोल गोयल सुपुत्र अनिल कुमार गोयल (पोस्ट ऑफिस एजेंट) ने सीए फाइनल ग्रुप टू की परीक्षा पास की। इसी प्रकार रिषभ कातेला सुपुत्र राजेश कतेला (प्रतिष्ठित व्यवसायी) ने सीए इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करके सीए फाइनल में प्रवेश किया। सीए स्टूडेंट्स को इस सफलता के लिए व्यापारियों ने एवं सीए अरिहंत जैन ने बधाई दी है।

### निर्माण कार्यों के स्वीकृति की मांग

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के खोंगापानी नगर पंचायत क्षेत्र में विधानसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाने के कारण कई विकास कार्यो की स्वीकृति प्राप्त नहीं हो पाई थी, किंतु अब प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार सत्ता में काबिज हो चुकी है, ऐसे में क्षेत्रीय लोग वर्तमान नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधानसभा की विधायक से मांग करते हैं कि नगर विकास केलिए उक्त निर्माण कार्यों की अविलंब प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कराने की मांग की है।

### 6 वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 10 मार्च को

**एमसीबी।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना यथा संशोधित 2021 अंतर्गत राज्य के उत्कृष्ठ एवं प्रतिष्ठित शालाओं में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए निःशुल्क प्रवेश दिलाया जाता है। इस योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 में आदिम जाति, अनुसूचित जाति के कक्षा 6 वीं में प्रवेश लेने के लिए 10 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है। परीक्षा में निम्नांकित मापदंड पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मिलित हो सकेंगे। विद्यार्थी कोरिया एवं नव गठित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का मूल निवासी हो। छग राज्य में मान्य अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग का हो, इसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र धारक हो।

## खरीदी केन्द्रों में धान की बंपर आवक, अब तक 50 फीसदी खरीदी

# टोकन लिमिट ने किसानों की बढ़ाई परेशानी



धान खरीदी केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के धान खरीदी केन्द्रों में बंपर आवक हो रही है। समिति केन्द्रों में किसान बड़ी संख्या में धान लेकर पहुंच रहे हैं, वहीं टोकन लिमिट होने के कारण जिले के ज्यादातर खरीदी केन्द्रों में अब तक 50 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो पाई है।

इस वर्ष 31 जनवरी तक धान खरीदी की जानी है, ऐसे में अब 21 दिन बचे हैं, यदि लिमिट नहीं बढ़ाई जाती तो खरीदी का लक्ष्य प्रभावित हो सकता है। समिति प्रबंधकों की माने तो केन्द्रों में किसान धान लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन 1 दिन में खरीदी की लिमिट निर्धारित होने के कारण कुछ ही किसानों को टोकन जारी किया जाता है। समिति प्रबंधकों ने जिला प्रशासन से लिमिट बढ़ाने की मांग की है। दरअसल शुरूआती दिनों में धान की कटाई में देरी होने के कारण किसान समिति केन्द्रों में धान लेकर नहीं पहुंच रहे थे, लेकिन जैसे ही किसानों के खेत में धान की कटाई पूरी हुई किसान अब तेजी से धान लेकर समिति केन्द्रों में पहुंचने लगे हैं। प्रशासन में दैनिक खरीदी के लिए टोकन लिमिट निर्धारित किया है, ऐसे में समिति केन्द्रों के द्वारा लिमिट से बढ़कर खरीदी नहीं की जा सकती। यदि इस रेशियों में ही खरीदी केन्द्र में खरीदी की जाती रही तो लक्ष्य पूरा करने में कठिनाई होगी।

### 50 प्रतिशत खरीदी है शेष

जिला प्रशासन के द्वारा धान खरीदी केन्द्रों के लिए टोकन जारी करने की लिमिट निर्धारित की गई है। उदाहरण के लिए रतनपुर धान खरीदी केन्द्र में 753 क्विंटल 1 दिन में खरीदी की जा सकती है। धान खरीदी केन्द्र जिल्दा में 1567 क्विंटल 1 दिन में खरीदी की जा सकती है। यहां के लिए 64000 क्विंटल का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसमें से अब तक केवल 27000 क्विंटल ही धान खरीदी हो पाई है। वहीं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बचरा पोंड़ी में भी लक्ष्य निर्धारित होने से यहां केवल 55 प्रतिशत ही लक्ष्य पूरा हो पाया है। बचरापोंड़ी के लिए 95 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसमें से अब तक 52000 क्विंटल खरीदी की जा चुकी है।

### ◆ दिन में कुछ किसानों को ही टोकन जारी

समिति प्रबंधकों ने बताया कि टोकन लिमिट निर्धारित होने के कारण उसके अनुसार ही किसानों को टोकन जारी किया जाता है। धान खरीदी केन्द्र रतनपुर में 1 दिन में 12 से 13 किसानों को टोकन जारी किया जा रहा है। वहीं धान खरीदी केन्द्र जिल्दा में पिछले कुछ दिनों में औसतन प्रतिदिन 22 से 25 किसानों को ही टोकन जारी हो पा रहा है। यहां के धान खरीदी केन्द्र में 11 जनवरी को 32, 12 जनवरी को 30, 15 जनवरी को 27, 16 जनवरी को 22, 17 जनवरी को 21, 18 जनवरी को 20 और 19 जनवरी के लिए 25 किसानों को ही टोकन जारी किया गया है।

### ◆ लिमिट नहीं बड़ी तो खरीदी प्रभावित

समिति प्रबंधकों ने जिला प्रशासन को आवेदन पत्र लिखकर टोकन लिमिट बढ़ाने की मांग की है। टोकन लिमिट निर्धारित मात्रा के भीतर ही खरीदी करनी पड़ती है, ऐसे में समिति केन्द्रों में पहुंचे किसानों को टोकन जारी किया जाता है। टोकन लिमिट के निर्धारित मात्रा अधिकतर समिति केन्द्रों में 12 से 1 बजे तक खरीदी कर ली जाती है, इसके बाद शकर भी लिमिट निर्धारित होने के कारण समिति केन्द्रों में पहुंचे किसानों का धान नहीं खरीद पा रहे। धान खरीदी में अब 21 दिन ही बचे हैं, ऐसे में अगर लिमिट नहीं बढ़ाई गई तो खरीदी का लक्ष्य प्रभावित हो सकता है।

### कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह लगातार धान खरीदी केन्द्रों का दौरा कर रहे हैं, बल्कि वहां पहुंचकर सीधे किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं, परेशानियों के बारे में पूछ भी रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को जिले के सोनहत विकासखंड के दूरस्थ धान खरीदी केन्द्र रामगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किए। श्री लंगेह ने पंजीकृत किसानों से चर्चा की, उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इस अवसर पर नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी तरह की लापरवाही बरती गई तो सीधे कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में बड़ी संख्या में धान बेचने वाले किसान पहुंच रहे हैं। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान समिति में कुल 1 हजार 228 नग पुराने जूट बारदाने अधिक पाए गए, जो नियमानुसार गलत था, जिसे मौके पर जब्ती की गई तथा किसानों से हमाली कार्य कराने जैसे कृत्य के लिए समिति प्रबंधक गोविंद दुबे, फूड प्रभारी रामचंद्र, बारदाना प्रभारी शैलेश्वर सिंह एवं सहायक नोडल अधिकारी सुखीराम लकड़ा को तत्काल शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए, साथ ही बारदाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने किसानों से किसी भी प्रकार रूपए की मांग की शिकायत आने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। मौसम को देखते हुए कहा कि धान के रख-रखाव के लिए उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए ,ताकि बारिश से धान को सुरक्षित रख सकें। विदित हो कि राज्य शासन द्वारा जिला प्रशासन धान खरीदी को बेहद गंभीरता से लिए हुए हैं। अवैध धान खरीदी परिवहन, भंडारण, कोचियों पर नकेल कसी जा रही है। 1 नवंबर 2023 से धान खरीदी शुरू हुआ है, जो 31 जनवरी 2024 तक चलेगी। जिले में इस वर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या 22 हजार 274 है, वहीं धान बोए गए रकबे 29 हजार 771 हेक्टेयर है। इस वर्ष जिले में 22 धान खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं।

# गर्ल्स स्कूल का गेट जर्जर भूमि समतलीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के शासकीय गर्ल्स स्कूल की बाउंड्री वॉल काफी पुरानी होने के कारण इसमें जगह-जगह दरारें आ गई है। वहीं स्कूल में लगा मुख्य गेट भी झूल रहा है।

बाउंड्री में लगे गेट को बंद करने में भी परेशानी होती है, बावजूद इस ओर विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्कूल की छात्राएं बताती हैं कि विद्यालय परिसर में समतलीकरण नहीं होने से भी उन्हें परेशानी होती है, कई बार खेलते हुए यहां गिरने का खतरा बना रहता है। बाउंड्री वॉल में भी दरार पढ़ने से इसके पास जाने में डर लगता है। विद्यालय प्रबंधन में कई बार इस समस्या की जानकारी उच्चाधिकारियों को बताई है, लेकिन आज तक इस ओर कोई काम नहीं किया गया। बाउंड्री वॉल के मुख्य गेट बंद करने में भी परेशानी होती है, इससे यहां आवारा मवेशियों का डेरा रहता है और रात में शराबियों का अड्डा बन जाता है। साथ ही भवनों में भी तोडफोड़ कर दी जाती है। कहीं दरवाजे टूटे हैं तो कहीं खिड़कियां टूटी पड़ी हैं। विद्यार्थियों को खेलने के लिए जो मैदान हैं वह भी सुरक्षित नहीं है, इससे वह खेल नहीं पाते हैं। बाउंड्रीवॉल के लिए प्रस्ताव तो बनते है, लेकिन इस पर अभी तक अमल नहीं हो पाया है।

■ शासकीय गर्ल्स स्कूल में लगा मुख्य गेट भी झूल रहा



गर्ल्स स्कूल में लगा जर्जर गेट।

### जानकारी दी गई है

इस समस्या को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। विद्यालय में गेट और समतलीकरण की परेशानी बनी हुई है।

-एएल गुप्ता
प्राचार्य गर्ल्स स्कूल बैकुंठपुर

# जिला औषधी विक्रेता संघ ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात



स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करते जिलाध्यक्ष व अन्य।

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बीते दिनों स्थानीय सर्किट हाउस में कोरिया जिला औषधि विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार गुप्ता के अगुवाई में दवा विक्रेताओं से मुलाकात कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि वर्तमान में दर्द निवारक दवाओं के बारे में लोगों तक जो भ्रांति फैलने के संबंध में बताया गया। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्पष्ट कहा कि मेरे द्वारा एनआरएक्स की श्रेणी में आने वाली दर्द निवारक दवाओं को लेकर विशेष रूप से कहा गया था, इसके अलावा नशीली दवाओं की श्रेणी में आने वाली दवाओं को लेकर मैंने कहा था कि अन्य दर्द निवारक दवाओं के बारे में उनके कथन को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि फार्मासिस्ट दवाओं का जानकार होता है और उनके द्वारा ही दवाओं का वितरण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दवा विक्रेताओं के प्रति लोगों का विश्वास रहता है ,इसके लिए दवाओं के वितरण में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। दवा वितरण का काम जिम्मेदारी के साथ निष्ठापूर्वक करना चाहिए, इसके अलावा श्री जायसवाल ने कहा कि यदि कोई अधिकारी बेवजह परेशान करता है तो दवा विक्रेता तत्काल मुझसे संपर्क कर सकते हैं। जिला औषधि विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री से अपील किया कि शेड्यूल एच 1 की दवाएं, एनआरएक्स श्रेणी की दवाओं को चिकित्सक अपने लेटर पैड पर ही लिखे ,जिससे केमिस्ट को दवा वितरण में कोई परेशानी न हो।

# श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए घर-घर जाकर दे रहे अक्षत निमंत्रण

**सोनहत।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 1 से 15 जनवरी तक विश्व हिंदू परिषद व राष्टीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा गृह संपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जहां कार्यकर्ता टोलियों में घूमते-घूमते घर-घर जाकर अक्षत राम मंदिर का चित्र व निमंत्रण दिया जा रहा है और लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि 22 जनवरी को मंदिर देवालय में सुबह विजय मंच श्रीराम जयराम जय जय राम का जाप और हनुमान चालीसा का पाठ करें।

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष दिलीप यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम 1 से 15 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान जिले के प्रत्येक गांव में गृह संपर्क किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सोनहत ब्लाक मुख्यालय दुर्गा मंदिर से विश्व हिंदू परिषद एवं सर्व हिन्दू समाज ने गाजे-बाजे के साथ घर-घर जाकर अक्षत कलश मंदिर के चित्र व निमंत्रण पत्रक वितरित किया गया और लोगों से अपील की गई कि 22 जनवरी की सुबह 11 से 1 बजे तक मंदिर विजयमंत्र का 108 बार जाप किया जाए। हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड का पाठ करें। अयोध्या में श्रीराम जी के आरती में आरंभ ही उसी समय एक साथ आरती करें, अपने घरों के सामने आकर्षक रंगोली सजाए, दीप जलाए। इस अवसर दिलीप यादव, नीलेश सोनी, दिनेश साहू, उमेश ठाकुर, राजेश गुप्ता, अशोक गोप, प्रवीण पाण्डेय, ओम प्रकाश गुप्ता, सूचिता पॉल, कमला गुप्ता, आरती काशी, शिवानी जायसवाल, कमल सिंह, सुनैना सिंह, केपी सिंह, राकेश तिवारी, सुरेश ठाकुर उपस्थित रहे।





सर्व हिन्दू समाज घर-घर जाकर दे रहे अक्षत निमंत्रण।

### घर-घर पहुंच रही अक्षत कलश यात्रा



**नगर।** ग्राम पंचायत नगर, उमझर, बिशुनपुर व रटगा क्षेत्र के सभी रामभक्त 1 से 15 जनवरी तक राम जन्मभूमि अयोध्या से लाए गए आमंत्रण को घर-घर पहुंचाने के एक विशेष अभियान के तहत पूरे उत्साह व भक्तिमय माहौल में प्रत्येक गांव में जाकर घर-घर मंदिर की छायाचित्र निर्देश पत्रक व अयोध्या से आया अक्षत आमंत्रण स्वरूप पहुंचा रहे हैं। इस दौरान भक्तों में उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग हर घर में इनकी टोलियों का आरती पूजन व पुष्प वर्षा से स्वागत कर आमंत्रण स्वीकार कर रहे हैं। इस दौरान ग्राम नगर व उमझर की हनुमान सेवा समिति, संकट मोचन सेवा समिति एवं उमझर की योगा टीम विशेष रूप से सक्रिय रही।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 13.01.2024 से 04.02.2024
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, DCMH, CCPM (NIMHANS Bangalore)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
दिनांक - 14.01.2024 रविवार
डॉ.तुषार जैन
MBBS, MD (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर, जे.जे. ग्रुप ऑफ हास्पिटल, मुम्बई)
स्वास, छाती, एलर्जी, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. नरेश देवांगन
MBBS, MS, MCH Neurosurgeon
(Brain & Spine Surgery)
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL 24x7
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
स्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक-14 जनवरी, 2024
दिन-रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वैरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठयक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

हृदय रोग ओपीडी
आपके शहर अंबिकापुर में
नारायणा हेल्थ, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस. पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
हृदय रोग के सामान्य लक्षण :-
• सीने में दर्द
• साँस लेने में तकलीफ, जल्दी थक जाना
• अनियमित हृदय गति
• जी मचलना, सीने में जलन, पेट और पीठ में दर्द
• बाएं कंधे या बांह से बाएं शरीर में दर्द फैलना
13 जनवरी 2024 शनिवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9617247433, 9713667433

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एक्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करे।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm
दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक।
डॉ. अमरीन फिरदौसी
BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर,
9179454786, 9753214959

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप



### एसजीजीयू के दो स्वयंसेवक राष्ट्रीय युवा उत्सव में करेंगे भागीदारी

**अम्बिकापुर।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा 12 से 16 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा उत्सव नासिक में आयोजित किया गया है। 12 जनवरी को उत्सव का उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर के युवाओं को संबोधित करेंगे। युवा उत्सव में छत्तीसगढ़ के 20 स्वयंसेवक शामिल होंगे। सन्त गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक कु.ऐश्वर्या गुप्ता, होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज एवं रीतेश यादव श्री साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय टीम के साथ उत्सव में सहभागिता करेंगे। आयोजन में देशभर से आये स्वयंसेवकों को अपने विचारों का आदान-प्रदान करने एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोक कलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। कुलपति प्रो.अशोक सिंह ने दोनों स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी है।

### पार्वती इंस्टीट्यूट में 3 दिवसीय खेल स्पर्धा का समापन



**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट, नर्सिंग कॉलेज महाविद्यालय मदनपुर में आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस दौरान दौड़, रिले रेस, भाला फेंक, खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक, तवा फेंक सहित अन्य खेल स्पर्धाओं में प्रशिक्षार्थियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। समापन दिवस पर प्रशिक्षणार्थियों ने फूड स्टॉल लगाया। इस दौरान संस्थापक अशोक नाथ तिवारी, अध्यक्ष सह चेयरमेन प्रमेन्द्र तिवारी, सीईओ राकेश तिवारी और प्रचार्य श्रीमती एसएम जागृति लकड़ा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### बीएड प्रशिक्षणार्थियों ने सारासोर में मनाया पिकनिक



**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट नर्सिंग कॉलेज महाविद्यालय मदनपुर के नर्सिंग विद्यार्थियों ने 7 जनवरी को सारासोर में पिकनिक मनाया। इस दौरान संस्था के संस्थापक अशोकनाथ तिवारी, अध्यक्ष सह चेयरमेन प्रमेन्द्र तिवारी, सी.ई.ओ. राकेश तिवारी और प्राचार्य श्रीमती एस.एमण. जागृति लकड़ा एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### चोरी का संदेह करने पर पडोसी ने की मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** भकुरा नवापारा निवासी दुलार दास वैष्णव आ. स्व. विश्वनाथ दास वैष्णव मंगवालर को सुबह घर में था तभी पड़ोसी राम शेखर उसके घर पहुंचा। राम शेखर उसके साथ चाय पीने के पश्चात चला गया तो दुलार साय भी स्नान करने चला गया। कुछ समय बाद दुलार साय घर पहुंचा तो देखा उसके घर में रखे दो बोरी धान गायब हैं। जिस पर सुबह से उसके घर केवल राम शेखर के अलावा किसी के नहीं आने पर उससे धान के संबंध में पूछताछ की तो राम शेखर ने चोरी करने की आशंका जाहिर करने पर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब दुलार दास ने मना किया तो उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना की रिपोर्ट दुलार दास ने कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### यात्री प्रतीक्षालय में मिले तीन बच्चों को किया गया परिजन के सुपुर्द



**राजपुर।** यात्री प्रतीक्षालय में तीन छोटे बच्चों के मिलने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। हालांकि बाद में बच्चों के परिजन की तलाश करने के साथ ही उन्हें सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बुधवार को नगर के कर्रा मोड़ स्थित यात्री प्रतीक्षालय के समीप तीन बच्चे मिले थे। बच्चों के आस पास कोई परिजन नहीं होने पर स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस द्वारा बच्चों को बाल गृह भेजने के साथ ही प्रशासन को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा बच्चों के परिजन की तलाश की जा रही थी। इस बीच देर शाम बच्चों के माता पिता की पहचान होने के बाद बच्चों को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बच्चों के माता पिता घूमकर अपना जीवन यापन करते है और इसी दौरान वे बच्चों को गलती से छोड़कर निकल गए थे।

### ठेका श्रम बोर्ड के केंद्रीय सलाहकार सदस्य नियुक्त किए गए पाण्डेय

**बिश्रामपुर।** भारतीय मजदूर संघ के कद्दावर श्रमिक नेता सुरेंद्र पांडेय को भारत सरकार ने ठेका श्रम बोर्ड का



केंद्रीय सलाहकार सदस्य नियुक्त किया है।इस बावत श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा गत पांच जनवरी को अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।जारी अधिसूचना में कुल 19 सदस्यों की नियुक्ति का जिक्र है।श्री पांडेय वर्तमान में कोल इंडिया में भारतीय मजदूर संघ से जेबीसीसीआई सदस्य सहित संगठन में असंगठित कामगार के उपमहामंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं। भारत सरकार द्वारा उन्हें नए दायित्व देने से समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

---

## करोड़ों की लागत से बन रही सड़क, पांच माह बाद भी नहीं हो सकी पूर्ण

# सड़क निर्माण की धीमी गति ने बढ़ाई यात्रियों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रदेश में सरकार बदल गई परंतु प्रतापपुर-राजपुर मार्ग की सूरत नहीं बदल सकी। हैरानी की बात यह है पांच माह पूर्व सड़क निर्माण कार्य शुरू की गई परंतु आज तक पूर्ण नहीं हो सकी। आलम यह है कि निर्माणाधीन सड़क के कछुआ गति से चल रहे निर्माण कार्य अब राहगीर समेत क्षेत्र वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सड़क पर बिछाए गए मिट्टी के डस्ट और भारी वाहनों के आवागमन करने से उड़ रहे धूल के गुबार से राहगीर तो परेशान है ही साथ ही आसपास क्षेत्र के लोगों को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं करने का खामियाजा राहगीर समेत क्षेत्र वासियों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बात**

- धूल के गुब्बार से राहगीर सहित क्षेत्र के लोग हलकान

प्रतापपुर-राजपुर के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा की स्वीकृति के बाद से ठेकेदार द्वारा करोड़ों की लागत से 28 किलोमीटर टू लेन सड़क निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत चाचीडांड 1 में कांक्रीट सड़क व डामरीकरण रोड का निर्माण कराया जाना है। लगभग 80 करोड़ की लागत से संभाग के 1 बड़े ठेकेदार द्वारा कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा कछुआ की चाल से कराए जा रहे निर्माण कार्य राहगीरों के लिए आफत बन चुकी है। सड़क निर्माण कार्य लगभग 5 माह पूर्व से शुरू है लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सकी। ऐसे में राहगीरों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के निर्माणाधीन होने तथा धूल के गुब्बार उड़ने से आए दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। जिस तरह से सड़क पर मिट्टी के डस्ट जमा है वैसे में धूल के अंबार से लोगों का गुजारना मुश्किल हो गया है। हैरानी की बात यह है कि यह एक जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर जिले के आला अधिकारी आए दिन गुजरते हैं। बावजूद इसके उनके द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं की जाती जिसका खामियाजा राहगीर और क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



भारी वाहन के चलने से उड़ता धूल।



निर्माणाधीन सड़क।

### धूल से नहीं दिखाई देता मार्ग

प्रतापपुर-राजपुर निर्माणाधीन टू लेन सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को खासकर दो पहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर एक भी भारी वाहन आगे से गुजरी तो लगभग 5 मिनट तक दो पहिया सवार को सामने की सड़क दिखाई नहीं देती जिससे कई बार बाइक सवार दुर्घटना गस्त हो जाते है। शांति नगर चौक से लेकर टुकुडांड चौक तक सुबह से लेकर रात तक धूल का अंबार ही नजर आता है। क्षेत्र के लोगों ने धूल से निजात दिलाने के लिए कई बार अधिकारी सहित संबंधित विभाग से शिकायत की परंतु आज तक शिकायत पर अमल नहीं हो सकी।

#### एक फीट जम गया है मिट्टी का डस्ट

सड़क निर्माण में ठेकेदार की मनमानी रवैया से लोग परेशान हैं। इधर जिले के अधिकारी सड़क निर्माण कार्य जल्द पूर्ण हो जाने का आश्वासन देते है परंतु निर्माण कार्य शुरू हुए पांच माह से अधिक हो चुके है बावजूद इसके आज तक सड़क निर्माण पूर्ण नहीं हो सकी। सड़क को खोदकर मिट्टी भरा दिया गया है परंतु पानी छिड़काव नहीं होने के कारण जगह जगह मिट्टी का डस्ट लगभग एक से डेढ़ फीट तक जम गया है जिसमें आए दिन दो पहिया सवार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

#### कछुए चला ने बढ़ाई परेशानी

राजपुर प्रतापपुर टू लेन सड़क निर्माण कछुए की चाल से चल रही है। जबकि यह मुख्य मार्ग है जो जिला मुख्यालय से जोड़ता है। मुख्य मार्ग होने के कारण बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। 5 महीने बीत जाने पर्यंत भी आज तक 20 प्रतिशत भी काम पूरी नहीं हुई है। सड़क को खोदकर मिट्टी भरा गया है, लगभग छह माह बाद बरसात का मौसम आने वाला है ऐसे में इसी तरह से कार्य किया गया तो आने वाले दिनों में राहगीर सहित क्षेत्रवासियों की परेशानी और भी बढ़ जाएगी।

#### बच्चों पर पड़ रहा विपरीत असर

भारी वाहनों के आवागमन से धूल के गुब्बार के बीच राहगीरों को आवागमन करना पड़ता है। धूल का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। शांति नगर चौक से टुकुडांड के बीच तीन से चार छोटे-बड़े स्कूल है जहां हर रोज बच्चों को धूल भरे मार्ग से आना जाना पड़ता है। धूल से बड़े तो बीमार पड़ते ही है अब छोटे-छोटे बच्चों भी बीमार पड़ रहे है।

#### अधिकारियों को दिए जाएंगे निर्देश

गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण एवं धूल से ग्रामीणों को हो रही परेशानी से राहत दिलाने अधिकारियों को निर्देशित की जाएगी।
दीपिका नेताम, एसडीएम

---



## युवा नशे से दूर रहकर समाज और राष्ट्र के विकास में दें योगदान : बागेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंदरई में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम पेन्डरखी में 3 से 9 जनवरी तक आयोजित सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का समापन मंगलवार को किया गया। समापन समारोह क्षेत्र के जनपद सदस्य लीलू गुप्ता के मुख्य आतिथ्य व बागेश्वरी सिंह सरपंच ग्राम पेन्डरखी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत, स्वागत नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विशेष शिविर के दौरान ग्राम में स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा शिविर, पशु चिकित्सा शिविर, नशा मुक्ति रैली, चबूतरा निर्माण, ग्राम के सार्वजनिक स्थलों व अमृत सरोवर की साफ सफाई, पर्यावरण संरक्षण सहित अनेक समाज समाजोपयोगी कार्य किए गए। स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास हेतु पीटी, परेड, योगा एवं बौद्धिक सत्रों, रासेयो खेल सहित संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरपंच श्रीमती बागेश्वरी सिंह ने कहा कि नशा हमारे विकास का सबसे बड़ा बाधक है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आधारित था, जिसमें स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, मशाल रैली, गीत स्लोगन आदि माध्यमों से ग्राम के लोंगो को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। शिविर अनुभव शिविर नायक पंकज प्रजापति, अंजू सिंह व यमुना ने प्रस्तुत किया। शिविर में सम्मिलित प्रतिभागियों को सरपंच द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक मानिकचंद सारथी व आभार प्रदर्शन सहायक कार्यक्रम अधिकारी उर्मिला सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य इलिना एक्का, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर सिंह, अरूण सिंह, मंजू प्रसाद, वंदना मिश्रा, पूनम, अलका मिंज, लीलावती राजवाड़े, सुनीता यादव सहित रासेयो स्वयंसेवक सोन कुमारी, सनिता, चांदनी, सावित्री, शंकर देवांगन, पंकज प्रजापति, सहित अन्य सक्रिय रहे।

---

## निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति ने की काव्य गोष्ठी

**अम्बिकापुर।** प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक ग्राम माजा, के सेवानिवृत्त शिक्षक बिगनराम के निवास पर की गई। बैठक में वरिष्ठ पेंशनर डीएम ठाकुर व आनंदराम अकेला को शॉल-श्रीफल द्वारा अध्यक्ष एसपी जायसवाल ने सम्मानित किया। इसके पश्चात निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति द्वारा कवि-सम्मेलन सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह, अजय शुक्ला के आतिथ्य एवं शायर-ए-शहर यादव विकास की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में ज्यादातर सरगुजिहा बोली की कविताएं पेश की गई। गीतकार पूनम दुबे वीणा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। कवयित्री माधुरी जायसवाल ने 'बोरेबासी' पर सरगुजिहा गीत सुनाई। वरिष्ठ कवि एसपी जायसवाल ने सरगुजिहा में कई रचनाएं पेश कर खूब तालियां बटोरी। गीता दुबे ने नवा बछर आइस होइस नवा बिहान, नवा-नवा सूरज, नवा ओकर घाम, कवयित्री मंशा शुक्ला ने नवा बछर के नवा गोठ हवे, नवा गोठ गोठियाबो ला, चार दिन के हे जदिगानी जुरमिल संगी गाबो ला, अर्चना पाठक ने घरी-घरी पैजनिया तोला बुलाथे, गीत सुनाथे अउ मन लुभा जाथे। पूनम दुबे ने चार दिन के जीना-खाना, बजरा के दाना। धीरे-धीरे रेंगबे नोनी हिले कनक-सोना। अजय श्रीवास्तव ने चारों मुड़ा ले मैंहा बंधा गेंव, नधिया-बइला जइसन मैंहा फंदा गेंव, शायर-ए-शहर यादव विकास ने करबे करम तो कमाए देबे, बारी मा बिहन जगाए देबे, आनंदराम अकेला ने ये दुनिया कर पालन करोइया कोन हवे तेला जान, अजय शुक्ल बाबा ने मैं तेरे शहर में आकर भरमाया हूं। देवेन्द्रनाथ दुबे ने तनहाई को मीत बनाया जा सकता है, दीवारों को गीत सुनाया जा सकता है, उमाकांत पाण्डेय ने तेरा भी एहतेराम किया है कभी-कभी, यूं खुद को भी सलाम किया है कभी-कभी, अम्बरीश कश्यप ने आपके कंधे का ये बस्ता नहीं है। मेरा ये ईमान तो सस्ता नहीं है, मुकुंदलाल साहू ने युगों-युगों की कामना, पूर्ण हुआ तप-काज, भव्य मंदिर बना, अवधपुरी में आज रचना सुनाई। इस दौरान रामसागर साहू, त्रिभुवन यादव, बसंत प्रसाद गुप्ता, मोहरसाय राजवाड़े, देवविष्णु गुप्ता, भीमसेन प्रसाद यादव, लीला यादव, सारांश जायसवाल उपस्थित थे।



---

## संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



ग्राम पंचायत जमदेई में छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ सूरजपुर द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर छत्तीसगढ़ के सभी राज्य एवं केंद्रीय योजनाओं में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमित करते हुए नौकरी, सुरक्षा के भय एवं समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया गया। साथ ही नियमितिकरण सहित अन्य मांगों से अवगत कराया गया। जिसमें मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि हमारी सरकार में आप सभी के साथ न्याय होगा। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में 45,000 संविदा कर्मचारी लम्बे समय से अपनी मांगो को लेकर संघर्षरत हैं। पिछली सरकार से निराश होने के फलस्वरुप वर्तमान सरकार से काफी उम्मीदे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान संविदा कर्मचारी संघ के जिला संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह, जिला संरक्षक मनीष सिन्हा, महिला जिलाध्यक्ष मिली रानी कर, जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, गणेश प्रसाद, कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृजलाल पटेल, अनिल दास, अमित सिंह, अजय मिश्रा, अभिषेक सिंह, आकाश गुप्ता, मुकेश कुमार महतो व अन्य उपस्थित थे।

---

## हाउसिंग बोर्ड के लिए आबंटित भूमि को निरस्त कर काबिज भूमि का पट्टा दिलाने कलेक्टर को ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** .पुनर्वास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई भूमि का आबंटन गृह निर्माण मंडल अम्बिकापुर को प्रदान किए गए आबंटन को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर प्रभावित ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों द्वारा उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत संजयनगर में कार्यपालन अभियंता छग गृह निर्माण संभाग अम्बिकापुर को हाउसिंग बोर्ड के तहत भूमि आबंटित की गई है। उक्त वर्णित भूमि पर ग्राम पंचायत संजयनगर के 29 शरणार्थी विस्थापित परिवारों का कब्जा विगत 50-60 वर्षो से निरंतर है तथा उक्त वर्णित भूमि ही अपने परिवार का एकमात्र जीविकोपार्जन का सहारा है, इसके अतिरिक्त उनके पास अन्य कोई भूमि नहीं है। उक्त भूमि भारत सरकार पुनर्वास विभाग की आबंटित भूमि थी, जिसे विस्थापित परिवारों को भू-स्वामी पट्टा देने का प्रावधान था, जो कि शासन द्वारा बिना जांच किए तथा उस पर बसे पुनर्वास शरणार्थी परिवारों की जानकारी लिए उक्त वर्णित भूमि को हाउसिंग बोर्ड अम्बिकापुर को प्रदान कर दी गई है, जिससे उक्त वर्णित भूमि पर बसे 29 परिवारों को अपूर्णीय क्षति हो रही है। साथ ही प्रभावित लोगों के समक्ष निवास एवं जीविकोपार्जन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत सरकार पुनर्वास विभाग की भूमि को किस नियम के अनुसार राज्य सरकार से हाउसिंग बोर्ड को आबंटन किया गया है, इसकी जानकारी किसी भी ग्रामवासी को नहीं दी गई है। साथ ही आज तक विस्थापित शरणार्थी परिवारों को भू-स्वामी अधिकार नहीं दी गई है। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर से वर्णित आबंटित भूमि को सर्वप्रथम प्रभावित व्यक्तियों को पट्टा जारी एवं अन्य नियमों के तहत वन अधिकार के तहत अधिकार पत्र विरोधी आधिपत्य के आधार पर प्रदान करते हुए हाउसिंग बोर्ड को आबंटित की गई भूमि को निरस्त किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से तपन सिकदार, विक्की समद्दार, रीना सिकदार, विशाल सिकदार, शेफाली, सुधा, विशाखा, मीना सिकदार, कनक, मुकेश सिकदार, रमेश सिकदार, विद्यासागर सिकदार, अमृता सिकदार, दिलीप सिकदार दिनेश सिकदार व अन्य उपस्थित थे।

---

## श्री शतचंडी महायज्ञ में शामिल होंगे चित्रकूट के आचार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में पहली बार 16 जनवरी से श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। देव कल्याण व प्रदेश में सुख शांति की कामना हेतु श्री शतचंडी महायज्ञ हेतु बैठक का आयोजन स्वामी विवेकानंद विद्या निकेतन परिसर में समिति द्वारा किया गया। बैठक में चित्रकूट से पधारे दीपक कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में महायज्ञ को लेकर चर्चा की गया। समिति द्वारा महायज्ञ को शिवधारी कालोनी में कराए जाने का निर्णय लिया गया है। महायज्ञ में चित्रकूट व इलाहबाद से विद्वान पंडित शामिल होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि 16 से 24 जनवरी तक चलने वाले इस महायज्ञ में 22 जनवरी को राम मंदिर स्थापना के अवसर पर भव्य आतिशबाजी एवं सुंदरकांड भी कराया जाएगा तथा प्रत्येक दिवस शाम को प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं 25 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में आयोजन समिति के संरक्षक स्वामी तन्मयनंद महाराज, सदस्य सुशीला गुप्ता, कृष्णा दुबे, शशिकांत सिंह, अजय तिवारी, यूसी सिंह, संदीप मिश्रा, अभय तिवारी, संतोष कुमार गुप्ता, शेष कुमार गुप्ता, बजरंग गुप्ता, धनंजय गुप्ता, राकेश कुमार केसरी, आनंद कुमार गुप्ता, गोवर्धन मिश्र, विद्याशंकर गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, नीरज सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, राकेश दुबे, चन्द्र भूषण पाण्डेय, धीरज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

- 16 से 24 जनवरी तक होगा आयोजन

### नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज से, तैयारियां पूर्ण

**केदमा।** ग्राम केदमा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार प्रज्ञा मंडल द्वारा मंदिर परिसर क्षेत्र में नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ 11 जनवरी को कलश यात्रा कर शुभारंभ किया जाएगा। 11 जनवरी को ग्राम के विभिन्न मार्गो से होते हुए जनजातीय समाज की महिलाएं व युवतियों की उपस्थिति में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। संध्या के समय प्रज्ञा पुराण कथा शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्र यादव द्वारा वाचन किया जाएगा। 12 व 13 जनवरी को देव पूजन एवं यज्ञ का कार्यक्रम होगा। इसके अतिरिक्त यज्ञ अवधि में ही सोलह संस्कार का कार्यक्रम भी हरिद्वार से पधारे संतों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। आयोजन के अंतिम दिन 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन होगा। अध्यक्ष जनपद सदस्य सज्जू सिंह ने क्षेत्र के सभी लोगों से आयोजन में आवश्यक रूप से उपस्थित होने व यज्ञ कार्य में भाग लेने कहा है। आज माता गायत्री प्रज्ञा मंडल के सदस्यों द्वारा निर्मित यज्ञशाला का निरीक्षण किया। इस अवसर पर शुभ लाल राजवाड़े, विनोद हर्ष, जागेश्वर पैकरा, कोला प्रसाद चौहान, अयोध्या प्रसाद सोनवानी, मूलचंद अग्रवाल, रामलाल सिंह, अशोक अग्रवाल, एमआर कौशिक, सुनील अग्रवाल, यश नाथ यादव, हीरेंद्र राजवाड़े, नारायण प्रसाद साहू, खुश चंद साहू ,देवकीनंदन यादव, वासुदेव यादव, ललित चौहान, लगनी देवी, ललिता महानंदी, चंद्रवती मरावी, रेखा अग्रवाल, सीमा बंसल, दिलबहाल सहित अन्य उपस्थित रहे।



---

## झगड़ाखांड धाम एवं भकुरमा तीर्थ में की गई पूजा-अर्चना

**लखनपुर।** ग्राम मतरिंगा से लगे झगराखांड धाम में राजेश अग्रवाल रवि अग्रवाल व ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। श्री अग्रवाल ने ग्रमा भकुरमा स्थित देवधाम में भी पूजा-अर्चना की। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष ने कहा कि तीन जिलों से घिरे झगड़ाखांड देव धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने एवं रेण नदी के उद्गम स्थल को विकसित करने का आग्रह विधायक श्री अग्रवाल से किया जाएगा। भाजयुमो नेता सौरव अग्रवाल ने क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव योगदान देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को जनपद सदस्य सज्जू सिंह, पूर्व सरपंच संतोष मंझवार ने भी संबोधित किया। इस दौरान संतोष मंझवार, सोनसाय पटेल, महेश्वर पैंकरा, अशोक बाबा, बृजेश चतुर्वेदी, रत्नसाय, सुखसाय, भोलाराम, विष्णुराम, गणेश राठिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## बौद्धिक सम्पदा अधिकार एवं अनुसंधान विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी सेल तथा विधि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट एण्ड इनोवेशन विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन किया गया। समापन सत्र में राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ.ज्योति सिन्हा ने कहा कि बौद्धिक संपदा का तात्पर्य उन रचनाओं से है जिसे हम अविष्कार, कलात्मक कार्य, डिजाइन तथा वाणिज्यिक उत्पादों में प्रतीक, नाम और चित्र के रूप में इस्तेमाल करते हैं। कार्यशाला से इसके तकनीकी पक्षों को समझने में मदद मिलती है। प्राचार्य एवं क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ.रिजवान उल्ला ने कहा कि संगोष्ठी व कार्यशाला के माध्यम से न सिर्फ फैकल्टी का डेवलपमेंट होता हैं अपितु छात्रों के रचनात्मक एवं अनुसंधानात्मक प्रवृत्ति का विकास होता है। प्रो.बृजेश कुमार ने दो दिवस के समस्त तकनीकी सत्रों और उनके निष्कर्षों को प्रस्तुत किया। समन्वयक डॉ.अनिल सिन्हा ने कार्यशाला की महत्ता, फैकेल्टी एवं छात्रों के लिए इसकी उपयोगिता को रेखांकित किया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ डॉ.राघवेश पाण्डेय, स्वशासी सेल प्रभारी डॉ.राजकमल मिश्र, डॉ.एसएन पाण्डेय, डॉ.एचडी महार, श्रीमती सरोज तिर्की, डॉ.ममता गर्ग उपस्थित थीं। कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ



डॉ.सागर जायसवाल ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार का एकस्व अधिकार के संदर्भ में व्याख्यान दिया। सत्र का संचालन माधवेंद्र तिवारी, देवप्रकाश दुबे विनीत गुप्त, डॉ.तरूण राय एवं मोहन कश्यप ने किया। द्वतीय सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ.राघवेश पाण्डेय, घनश्याम सिंह गुप्त ने व्यापार चिन्ह की व्याख्यान की। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर बेस्ट मूटर का प्रथम पुरस्कार हासिल करने वाले एलएलबी के छात्र पीयूष कुमार त्रिपाठी एवं सतीश कुमार तिवारी को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला के प्रतिभागी प्राध्यापकों, शोध छात्रों एवं पंजीकृत छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान डॉ.मिलेन्द सिंह, डॉ.एमके मौर्य, डॉ.संगीता पाण्डेय, डॉ.दीपिका स्वर्णकार, गिरिजा सिंह, डॉ.कामिनी, पूनम सोनवानी सहित विधि विभाग के विद्यार्थी अध्यापक उपस्थित थे।

